Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 20-03-2006
Participants : Patel Shri Jivabhai Ambalal

an>

Title : Need to open an Agriculture Research Centre for augmenting the productivity as well as the quality of spice seeds in Mehsana Parliamentary Constituency, Gujarat.

श्री जीवाभाई ए. पटेल (मेहसाना) : अध्यक्ष महोदय, मेहसाना जिला में उच्चकोटि का धनिया, जीरा, ईसबगोल, राई, मिर्च एवं अरन्डी जैसे मसालों की फसल अन्य क्षेत्रों से ज्यादा एवं बड़ी तादाद में होती है जिस पर कई परिवार अपना भरण-पोाण कर रहे हैं। अगर इन फसलों के उन्नयन किस्म की तकनीकी को अपनाकर इनकी गुणवत्ता को बढ़ाया जाये तो इन मसालों की मांग विश्व भर में ज्यादा होने लगेगी और यहां के किसानों को फायदा होगा। दूसरी ओर इनका निर्यात करके हम काफी मात्रा में विदेशी मुद्रा कमा सकते हैं। अभी तक यहां के किसान पुराने ढंग से इन फसलों की खेती कर हरे हैं एवं इन गरीब किसानों को इन फसलों के पैदा करने में आधुनिक तरीके की खेती की भी जानकारी नहीं है। इस संबंध में सरकार से अनुरोध है कि मेहसाना जिले में मसालों की फसल संबंधी एक एग्रीकल्चर रिसर्च सेंटर स्थापित किया जाये जिससे इन फसलों की गुणवत्ता एवं उत्पादन क्षमता बढ़ाने हेतु कार्य हो सके।

सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि मेहसाना जिले में मसालों की फसल की गुणवत्ता बढ़ाने एवं उनकी उत्पादन क्षमता बढ़ाने हेतु एक एग्रीकल्वर सेंटर शीघ्र खोला जाये।

---

*Treated as laid on the Table